STREAM
# नीति सार

www.streaminitiative.org

NACA सार

**संख्या १**

**यह किस विषय पर है?**

लोग नीति परिवर्तन के लिए राजी हो रहें हैं

इसे पढ़िए यदि.....................
.................. आप नीति परिवर्तन करना चहते हैं।

इसमें शामिल है:

- जीविका निर्वाहन के प्रसंगों को समझना जिसमें नीति परिचालित होती है।
- वर्तमान नीति के संबंध में विचार एवं परिवर्तन के लिए सलाह का संग्रहन उन लोगों से करना जो नीति एवं सेवा के उपभोक्ता हैं।
- नाटक, अध्ययन किए गए घटनाओं, कार्यशाला एवं भिन्न स्थानों से प्राप्त शिक्षा की सहायता से विचारों का आदान-प्रदान करना।
- नीति परिवर्तन के लिए एकमत तैयार करना।

"निर्णय लेने की प्रक्रिया में क्रमपरंपरा से उपर उठकर काम करना"

"बिना किसी रोक-टोक के एकमत गठन की प्रक्रिया में अपना सुझाव एवं मतामत देना"

"समूह की प्रतिक्रियाओं की तुलना एवं पर्यवेक्षण करके समान प्रतिक्रिया का संग्रह करना एवं एक आम निर्णय लेना।"

यह बड़े या छोटे समूह में औपचारिक या अनौपचारिक तौर पर कार्य करती है

यह नीति तैयार करने के क्षेत्र में लोगों की बातों को सामने रखने में सहायता करती है एवं नीत निर्धारक एवं निरूपणकारियों को इस नए विचार के बारे में स्वतंत्र रूप से टिप्पणी करने का मौका देती है।

यह निर्णय लेने के लिए नीति परिवर्तन के क्षेत्र में उपयुक्त एवं प्राथमिक विकल्प प्रदान करती है।

संक्षेप में...

# एकमत गठन करना

........दो या दो से कम पृष्ठों में

फरवरी : २००५

**इस नीति सार से अगर आप कोई एक चीज़ कर सकते हैं तो इसे कीजिए..................**

**नीति एवं सेवा के उपभोक्ताओं को नीति परिवर्तन के लिए सलाह देने में सक्षम बनाइए तथा परिवर्तन के लिए नीति निर्धारकों एवं निरूपणकारियों के बीच एकमत तैयार कीजिए।**

**संक्षेप में.................**

**कार्यकारी नीति तैयार करने के लिए हमें जीविका निर्वाहन के प्रसंग को समझाना होगा जिसमें नीति की परिचालना होती है।**
लोगों के पास जो साधन है उसके भिन्न प्रयोग, उनकी दरिद्रता एवं उससे उनकी जुझने की क्षमता तथा नीति किस प्रकार लोगों के जीविका निर्वाहन के उद्देश्य में सहायक होगी उसे आसानी से समझना संभव एवं सहज नहीं है। इस विषय को उन लोगों के माध्यम से अच्छी तरह समझा जा सकता है जो इसके नीति एवं सेवा के उपभोक्ता है। कई ऐसे तकनीक, साधन एवं प्रशिक्षण है जो उनके साथ विश्वसनीय संबंध तैयार करने तथा इस विषय को समझने में मदद करती है।

लोगों के जीवन के संबंध में समझने के साथ-साथ हम उनसे वर्तमान नीति एवं सेवा के संबंध में उनके अनुभवों को जान सकते हैं एवं इसमें परिवर्तन हेतु उनके विचारों एवं सलाहों का संग्रह कर सकते हैं।

नीति निर्धारक एवं नीति सुधारक तथा स्थानीय समुदाय जिसके लिए नीति तैयार किया जाता है दोनों के बीच काफी दूरी रहती है। उनके बीच संपर्क के क्षेत्र में भाषा, सांस्कृतिक एवं सामाजिक-आर्थिक बाधाएँ रहती हैं। सूचना की त्वरित प्रसारण के लिए कई यंत्रावली है, जैसे- कृषक एवं मत्स्य कृषक के जीवन-यापन पर चलचित्र तैयार करना, अथवा घटनाओं के अध्ययन से एक नुक्कड़ नाटक तैयार करने का जिम्मा लेना एवं इसके बाद नीति कार्यशाला में इसका प्रदर्शन करना। इससे एक स्पष्ट उक्ति सबके सामने रखा जा सकेगा साथ ही साथ दूसरे स्थानों से प्राप्त शिक्षा का आदान-प्रदान भी हो सकेगा।

- समुदाय के लोगों के बीच जाइए एवं जीविका निर्वाहन के प्रसंगों को समझिये जिस पर नीति की परिचालना की जाएगी।
- **वर्तमान नीति पर लोगों के विचारों का संग्रहन कीजिए तथा इसमें परिवर्तन के लिए उन लोगों की सलाह का संग्रहन कीजिए जो नीति एवं सेवा के उपभोक्ता है।**
- **नाटक, अध्ययन किए गए घटनाओं, कार्यशाला एवं भिन्न स्थानों से प्राप्त शिक्षा के माध्यम से विचारों का आदन-प्रदान कीजिए।**

→ यह मुख्य मुद्दा, प्रसंग जिस पर नीति की परिचालना होती है, किसी वर्तमान नीति की ख़ामियों एवं परिवर्तन के लिए सलाह को समझने में मदद करती है।

# सार...............नीति परिवर्तन के लिए एकमत तैयार करना

सलाह से नीति निर्णय पर आने के लिए चर्चा एवं एकमत तैयार करने की आवश्यता है। एकमत तैयार करने की प्रक्रिया राजनैतिक अथवा भावनात्मक वातावरण में निर्णय लेने में सहायता करती है, अथवा जब किसी निर्णय पर दल का अंतर्विरोध हो, सामूहिक निर्णय के लाभ के मद्देनजर कुछ ख़ामियों को अनदेखा कर दिया जाता है।

## परिवर्तन के लिए एकमत तैयार करना

**नीति निर्धारकों एवं निरूपणकारियों (राष्ट्रीय , प्रादेशिक एवं स्थानीय स्तर पर) के दलों का एक स्थान पर एकत्र होना। यहाँ दल के प्रत्येक सदस्य एक दूसरे को जानते हैं परन्तु वे पृथक रूप से काम करते हैं, सूचना प्रदान करते हैं तथा अज्ञात रूप से संचालक की सहायता से इसका चुनाव करते हैं।**

**संचालक नीति परिवर्तन के लिए प्रसंग एवं विकल्प के बारे में सूचना प्रदान करते हैं (जो नीति एवं सेवा के उपभेक्ता से प्राप्त किया गया है), प्रत्येक प्रतिभागियों को नीति परिवर्तन के विकल्पों को श्रेणीबद्ध करने के लिए कहा गया, सभी की प्रतिक्रियाओं की तुलना करने के बाद अज्ञात समूह के प्रतिक्रियओं को उन्हें वापस लौटा दिया जाता है। एकमत तैयार करने की प्रक्रिया के प्रतिभागी अज्ञात बातों को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने के लिए स्वतंत्र हैं, वे केवल अपने तर्क के बल पर दूसरों को उनके विचारों में परिवर्तन के लिए उत्साहित कर सकतें हैं। संचालक कोई भी उभरती हुई एकमत को सबके समक्ष लाता है, भिन्न मत वाले प्रतिभागी उस एकमत को स्वीकार कर सकता है अथवा दूसरे व्यक्ति अपने विचारों में क्यों परिवर्तन करें इस विषय पर परवर्ती तर्क-विर्तक का प्रस्ताव दे सकता है।**

⟶ इसके परिणाम स्वरूप समूह के सभी सदस्य अपने विचारों को स्वतंत्र रूप से व्यक्त कर सकते हैं एवं दूसरे के अज्ञात विचारों की समीक्षा कर सकते हैं जहाँ दल के अति प्रभावशाली सदस्यों को अनदेखा किया जा सकता है एवं व्यस्क सदस्यों का अनुपालन।

**कई पुनरावृत्तियों के द्वारा, आमतौर पर चार बार से अधिक नहीं, विचारों की समानता को चिन्हित किया गया।**

⟶ परिवर्तन के लिए समुदाय से सलाह प्राप्त करने से उपभोक्ताओं के विचार सामने आते हैं, सामान्य, अज्ञात पुनरावृति एवं नियंत्रित विचार नीति निर्धारकों एवं निरूपणकारियों को इस प्रक्रिया में पूर्ण रूप से भाग लेने का अवसर देती है।

यह स्पष्ट रूप से नीति परिवर्तन के लिए प्राथमिक विकल्प को सबके सामने लाती है जो उपभोक्ताओं से प्राप्त एवं नीति निर्धारकों एवं निरूपणकारियों के द्वारा स्वीकृत होता है तथा नीति परिवर्तन के निर्णय पर आधारित होता है।

**इस विषय पर अन्य दस्तावेज एवं सूचना स्रोत का संयोजन:**
आर १०० **'जलकृषि द्वारा गरीबों की सेवा के लिए उन्नत नीति की खोज' १२ रिपोर्ट** (ISBN 974-7313-63-4)
http://www.streaminitiative.org/Library/India/india.html
आर ८३३४ **गरीबों के लिए नीतिगत पाठ के विषय को बढ़ावा दे रही है जो** आर ८१०० **एवं भारत के मुख्य नीति निर्धारकों से प्राप्त हुए हैं आठ रिपोर्ट** http://www.streaminitiative.org/Library/pdf/pdf-india/Stakeholders Meeting.pdf

यह कहाँ से आया है?
**यह क्रमबद्ध नीति सार स्ट्रीम इनीशियेटीव (सपोर्ट टू रिजनल अक्वाटिक रिसोर्स मैनेजमेन्ट) नाका (नेटवर्क ऑफ अक्वाकल्चर सेन्टरर्स इन एशिया पेसिफिक) द्वारा तैयार किया गया है।**

**नीति सार संख्या एक में वर्णन किया गया है- कृषक, मत्स्य कृषक, स्थानीय, जिला, राज्य, केन्द्र सरकार एवं गैरसरकारी प्रतिभागियों के अनुभव जो कि ब्रिटिश सरकार द्वारा डी.एफ.आई.डी. नैचुरल रिसोर्सेस सिस्टम प्रोग्राम प्रोजेक्ट** आर ८१००**'जलकृषि द्वारा गरीबों की सेवा के लिए उन्नत नीति की खोज' (मार्च २००२-अप्रैल २००३) से प्राप्त जिसका उद्देश्य था ग्रामीण जीविका के विकास के लक्ष्य में उन्नत ग्रामीण सेवा प्रदान करना, परीक्षण एवं बढ़ावा देना, जलकृषि को बढ़ावा देने के लिए सेवा पर बल देना।**

**अधिक जानकारी के लिए देखें** www.streaminitiative.org/Library/India/india.html **या संपर्क करें**
**स्ट्रीम, नाका, सरस्वादी बिल्डिंग, डी.ओ.एफ. कमप्लेक्स, कसरकैट यूनिवर्सिटी, लायादो, जातुजक, बैंकाक १०९००, थाईलैण्ड, फैक्स (६६२) ५६१-१७२७, टेलीफोन (६६२) ५६१-१७२८**